दिनांक :23.07.2025 समय : 07.10pm

प्रादेशिक समाचार

मुख्य समाचार :

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारत–ब्रिटेन द्विपक्षीय संबधों को मजबूती देने के लिए लंदन के लिए हुए रवाना।
- संसद के दोनों सदनों में आज तीसरे दिन भी विपक्ष के हंगामें के कारण कार्रवाई में हुई बाधित।
- भोपाल में विकसित मध्यप्रदेश के तहत रोजगार आधारित शिक्षा पर राष्ट्रीय कार्यशाला का हुआ आयोजन।
- प्रदेश में एक बार फिर बारिश का दौर जारी, इस मानसूनी सीजन में अब तक 21 इंच हो चुकी है बारिश।

**प्रधानमंत्री लंदन**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारत-ब्रिटेन द्विपक्षीय संबंधों को और मज़बूत करने के लिए ब्रिटेन की यात्रा पर रवाना हो गए हैं। लंदन में आकाशवाणी संवाददाता से बातचीत में ब्रिटेन में भारत के उच्चायुक्त विक्रम कुमार दोरईस्वामी ने कहा कि यह यात्रा दोनों देशों के लिए लाभदायक होगी। उन्होंने कहा कि इस दौरान मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर हो सकते हैं और इसका दोनों अर्थव्यवस्थाओं पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

**शिक्षा कार्यशाला**

भोपाल में आज 'विकसित मध्यप्रदेश @ 2047 अंतर्गत रोजगार आधारित शिक्षा : रुझान एवं नए अवसर' विषयक पर एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। इसमें राज्यपाल मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शामिल हुए। राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि स्थानीय स्तर पर रोजगार की संभावनाओं को पहचान कर विश्वविद्यालय पाठ्यक्रम तैयार करें। उन्होंने कहा कि शिक्षा समाज की रीढ़ है। हमारी शिक्षा प्रणाली ऐसी हो, जो युवाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाए।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार नवाचार करते हुए कौशल विकास की ओर कदम बढ़ा रही हैं। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश एक

कृषि प्रधान और तेजी से बढ़ता राज्य है। उन्होंने कहा कि प्रदेश नई शिक्षा नीति अपनाने वाला पहला राज्य है।

**संसद स्थगित**

संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही आज लगातार तीसरे दिन विपक्ष के हंगामे के कारण बाधित हुई। विपक्षी दल बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण और अन्य मुद्दों पर चर्चा की मांग कर रहे थे।

लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही आज दो बार स्थगित होने के बाद अंततः पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गई।

लोकसभा की कार्यवाही के दौरान विपक्षी दल अपनी मांगों को लेकर नारेबाजी करते हुए आसन के सामने आ गए। शोरगुल के बीच, युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक, 2025 और राष्ट्रीय डोपिंग रोधी (संशोधन) विधेयक, 2025 पेश किया। राज्यसभा में भी ऐसा ही नजारा देखने को मिला। शोरगुल के बीच समुद्र में माल ढुलाई विधेयक, 2025 को विचार और पारित करने के लिए पेश किया। इस बीच केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विपक्षी दलों की सदन नहीं चलने देने पर कड़ी आलोचना की है।

**वन विकास निगम**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मध्यप्रदेश राज्य वन विकास निगम की स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण होने पर कल स्वर्ण जयंती वर्ष का उद्घाटन एवं राष्ट्रीय कार्यशाला का शुभारंभ करेंगे। वे 'विजन डॉक्यूमेंट-2047' का विमोचन एवं प्रदर्शनी का उद्घाटन भी करेंगे। कार्यशाला भारतीय वन प्रबंधन संस्थान नेहरू नगर भोपाल के ऑडिटोरियम में होगी। कार्यक्रम में निगम के उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारी को सम्मानित भी किया जायेगा।

**पेसा एक्ट**

पेसा एक्ट के प्रदेश में बेहतर क्रियान्वयन के लिए कल त्रि-पक्षीय अनुबंध होगा। अनुबंध सचिव पंचायती राज मंत्रालय, भारत सरकार, प्रमुख सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास और इंदिरा गांधी नेशनल ट्राइबल यूनिवर्सिटी अमरकंटक के बीच होगा। कार्यक्रम जल एवं भूमि प्रबंध संस्थान वाल्मी भोपाल में होगा। कार्यक्रम में पेसा एक्ट पर बनी पुस्तिका का विमोचन भी किया जाएगा। इस दौरान देशभर से आए पेसा एक्ट पैनलिस्ट, विशेषज्ञों के बीच चर्चा होगी।

**भारत एआई मिशन**

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि भारत में एक मज़बूत सूचना प्रौद्योगिकी व्यवस्था है। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र दो खरब 50 अरब डॉलर से अधिक का वार्षिक राजस्व पैदा करता है और 60 लाख से अधिक लोगों को रोज़गार प्रदान करता है। लोकसभा में आज यह जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि स्टैनफोर्ड एआई रैंकिंग में भारत एआई कौशल, क्षमताओं और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग की नीतियों में शीर्ष देशों में शामिल है।

**दुर्घटना**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ग्वालियर में आगरा-मुंबई नेशनल हाईवे पर कल देर रात दुर्घटना में चार कांवड़ियों को मृत्यु पर गहरा दुख व्यक्त किया है। डॉ. यादव ने सोशल मीडिया एक्स के माध्यम से कहा कि "ग्वालियर में सड़क हादसे में पवित्र कांवड़ यात्रा के दौरान चार कांवड़ियों की मृत्यु का समाचार अत्यंत दुखद है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक मृतक के निकटतम परिवारजनों को राज्य शासन द्वारा 4-4 लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान की जाएगी।

**मौसम**

प्रदेश में एक बार फिर बारिश का दौर जारी है। जबलपुर समेत 15 जिलों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। जहां अगले 24 घंटे में साढ़े चार इंच तक पानी गिर सकता है।

मौसम विभाग के अनुसार जबलपुर, श्योपुर, मुरैना, नर्मदापुरम, बैतूल, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सागर, दमोह, सिवनी, मंडला, बालाघाट, डिंडौरी, अनूपपुर में भारी बारिश हो सकती है। प्रदेश में इस मानसूनी सीजन में औसत 21 इंच बारिश हो चुकी है।

**कुछ समाचार संक्षेप में**

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सभी नागरिकों को नर्सरी और बगीचा लगाने के लिए प्रेरित करने के साथ पौधे उद्यानिकी विभाग द्वारा उपलब्ध कराये जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज मुख्यमंत्री निवास में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान की बैठक में समीक्षा कर रहे थे।
- देवास जिले में नशा मुक्ति जनजागरूकता के लिए "नशे से दूरी-है जरूरी" अभियान 30 जुलाई तक चलाया जा रहा है।
- नीमच में नेशनल लोक अदालत का आयोजन 13 सितम्बर को किया जाएगा। लोक अदालत में आपसी समझौतों के माध्यम से मामलों का निराकरण जाएगा.
- छिंदवाड़ा में पीएमश्री महारानी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विकसित भारत 2047 के लिए स्कूली शिक्षा के आधारभूत आयाम विषय पर जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई।
- आगरमालवा स्थित ऐतिहासिक शिवालय बाबा बैजनाथ महादेव की श्रावण माह के अंतिम सोमवार, 4 अगस्त को प्रतिवर्षानुसार निकलने वाली शाही सवारी की तैयारियां को लेकर कल बैठक हुई ।
- पनागर विधानसभा क्षेत्र की सीमा में शामिल जबलपुर शहर के चार नये मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक का पनागर विधायक सुशील कुमार तिवारी इंदु ने इमलिया में एक साथ लोकार्पण किया।
- भारत और इग्लैण्ड के बीच मैनचेस्टर में हो रहे चौथे क्रिकेट टैस्ट मैच में पहली पारी में 110 रन बना लिये हैं। यशस्वी जायसवाल 55 रन बनाकर खेल रहे हैं।